मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 11 सितम्बर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	11/09/15	12/09/15	13/09/15	14/09/15	15/09/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	39	39	39	40	40
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	28	28	27	27	26
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	1	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	51	50	50	48	46
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	18	18	16	16	16
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	4	5	6	7	5
हवा की दिशा	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पूर्व	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

जिन किसान भाईयों को तारामीरा की बुवाई करनी है व खेत को तैयार करें और बीज व खाद की अग्रिम व्यवस्था करें।

ग्वार की फसल में तेला व सफेद मक्खी कीट के नियंत्रण के लिए मैलाथियॉन की एक लीटर मात्रा का प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

जहॉ कहीं दलहनी फसलों की फलियॉ पक गई हो तो उनकी तुडाई करें और सुरक्षित स्थान पर रखें।

अगेती मूली, गाजर व पालक की बुवाई के लिए किसान भाई खेत की तैयारो करें।

पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य व दुग्ध उतपादन के लिए प्रति दिन 50 ग्राम नमक व 100 ग्राम खनिज मिश्रण प्रति पशु के हिसाब से दें।

संक्रामक रोग से ग्रसित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से दूर रखें जिससे संक्रमण स्वस्थ पशुओं मे ना हो।

(नौडल ऑफीसर)